## भा.कृ.अनु.प.-निआप द्वारा 'राजभाषा कार्यशाला' का आयोजन

भा.कृ.अनु.प. - राष्ट्रीय कृषि आर्थिकी एवं नीति अनुसंधान संस्थान (निआप), नई दिल्ली द्वारा 15 दिसम्बर 2023 को "डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत ई-ऑफिस द्वारा प्रभावी एवं पारदर्शी प्रबंधन" विषय पर राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उदघाटन संस्थान के निदेशक और राजभाषा अध्यक्ष डॉ प्रताप सिंह बिरथल जी ने किया। डॉ बिरथल ने कहा कि हिंदी के महत्त्व और प्रगामी प्रयोग के लिए निरंतर प्रयास की आवश्यकता है। राजभाषा विभाग के निर्देशों का सभी तरह के प्रत्राचार में पालन करने से ना सिर्फ हिंदी को बढ़ावा मिलता है, बल्कि उन पत्रों की उपयोगिता और अधिक बढ जाती है। साथ ही कहा कि आज डिजिटल क्रांति के युग में, प्रभावी एवं पारदर्शी प्रबंधन के लिए ई-ऑफिस नितांत आवश्यक है। इस अवसर पर कंप्यूटर अनुपयोग के विशेषग्य डॉ रजनी जैन, (प्रधान वैज्ञानिक) एवं श्री दिलीप कुमार (वैज्ञानिक) ने कार्यालयों में सरल, प्रभावी एवं पारदर्शी ई-ऑफिस प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं ऑनलाइन ई-ऑफिस के कार्य करने का प्रदर्शन भी बताया। साथ ही बताया कि ई-ऑफिस में भी हिंदी में भी प्रविस्थिया भरी जा सकती है और टिप्पड़ी लिखी जा सकती है। राजभाषा कार्यशाला में संस्थान के सभी वैज्ञानिक, तकनिकी, प्रशासनिक, शोध छात्र, एवं संविदा कर्मचारियों ने भाग लिया।




भा.कृ.अनु.प.-निआप के निदेशक और राजभाषा अध्यक्ष डॉ प्रताप सिंह बिरथल द्वारा राजभाषा कार्यशाला में संबोधन





कंप्यूटर अनुपयोग के विशेषग्य डॉ रजनी जैन, प्रधान वैज्ञानिक एवं श्री दिलीप कुमार, वैज्ञानिक का ई-ऑफिस के प्रबंधन पर व्याख्यान